राजनीतिक

- **क्या राज ठाकरे उद्धव के बजाय फडणवीस को चुनेंगे?**

राज ठाकरे और उनके चचेरे भाई उद्धव के बीच संभावित सुलह की अटकलों ने नया मोड़ ले लिया है। महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट ने सुझाव दिया कि राज ठाकरे को भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में शामिल होना चाहिए। यह तब हुआ जब राज ने सीएम देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की, जिससे निकाय चुनावों से पहले भाजपा-मनसे गठबंधन की चर्चा शुरू हो गई। इस मुलाकात ने सवाल खड़े कर दिए हैं- क्या राज फडणवीस से हाथ मिलाएंगे और खुद को विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) का नेतृत्व करने वाले उद्धव से दूर कर लेंगे?

- **मोदी ने उपलब्धियों को उजागर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी**

केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी खुद अपनी सरकार के प्रचार-प्रसार के लिए सुनियोजित तरीके से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। वह भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए। वह हर रोज सुबह सोशल मीडिया पर अपनी सरकार की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों को फोटो और आंकड़ों के साथ पेश करते हैं, जिसे मीडिया दिनभर चलाता रहता है। उनके मंत्रिमंडल ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को अलग से गिनाया।

प्रशासनिक

- **आईएएस रजत पंत का त्रिपुरा के खोवाई में समग्र ग्रामीण विकास का सपना**



आईएएस रजत पंत त्रिपुरा कैडर के 2019 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में खोवाई, त्रिपुरा के जिला कलेक्टर के रूप में तैनात हैं। जिले के लिए उनका दृष्टिकोण बाल पोषण, आजीविका सृजन और वित्तीय स्वतंत्रता पर विशेष जोर देते हुए समग्र ग्रामीण विकास पर केंद्रित है। आंगनवाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानते हुए, जो ग्रामीण बाल देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पंत ने शिशु मृत्यु दर, उचित स्वच्छता की आवश्यकता और निरंतर जल आपूर्ति जैसी चिंताओं को देखा। उन्होंने कहा, मेरा मानना ??है कि अगर हम अपने हस्तक्षेपों को मजबूत कर सकते हैं, खासकर छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए शुरुआती बाल देखभाल के मामले में, तो हम सार्थक प्रगति कर सकते हैं।

इसके अलावा कुपोषण से निपटने के लिए आंगनवाड़ियों में पोषण उद्यान बनाने का काम भी चल रहा है। पंत ने बताया, हम केले और पपीते जैसे फलों के पेड़ लगाने को प्रोत्साहित कर रहे हैं क्योंकि उन्हें कम देखभाल की ज़रूरत होती है और एक बार परिपक्व होने के बाद वे हर साल फल देते हैं। ये पोषण उद्यान बच्चों और माताओं दोनों के लिए पौष्टिक भोजन की स्थायी आपूर्ति प्रदान करते हैं। पंत के नेतृत्व में दूसरा फोकस आजीविका में सुधार और आय सृजन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को एक साथ लाना है। स्वयं सहायता समूहों को सहायता देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया, उदाहरण के लिए, त्रिपुरा के आदिवासी इलाकों में मवेशियों के पालन के लिए स्वयं सहायता समूहों को शेड मुहैया कराए गए हैं, जो उन्हें आय का एक अच्छा स्रोत देता है। तीसरा फोकस ग्रामीण स्थानीय निकायों जैसे पंचायतों के राजस्व को बढ़ाने पर है। वर्तमान में, अधिकांश राज्य वित्त आयोग अनुदान या अन्य पर बहुत अधिक निर्भर हैं। हम उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं। यदि पंचायतों के पास राजस्व के अपने स्रोत हैं, तो वे उन्हें कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और विस्तार करने के लिए अधिक प्रेरित होंगे उन्होंने कहा। ग्रामीण विकास की महत्वाकांक्षी दृष्टि के साथ, पंत खोवाई को समावेशी और सतत विकास के लिए एक आदर्श जिले में बदलने के लिए काम कर रहे हैं।

- **राजस्थान का पूर्ण डीजीपी कौन होगा?**

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के पद के लिए चयन हेतु आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम यूपीएससी को भेजे गए हैं।

- **आरपी मेहरड़ा ने राजस्थान के डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार संभाला**

डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने राजस्थान के पुलिस महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। वे 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे और केवल 19 दिन तक डीजीपी रहेंगे। वर्तमान में वे जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का पद भी संभाल रहे हैं। वे राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **सुश्री मनीषा चौधरी को सीबीआई का डीआईजी नियुक्त किया**

हरियाणा कैडर की 2011 बैच की आईपीएस अधिकारी मनीषा चौधरी को पांच साल की अवधि के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में डीआईजी नियुक्त किया गया है।

- **दिल्ली पुलिस कमिश्नर जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे**

दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वे तमिलनाडु कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **मनोज कुमार अग्रवाल को बीसीसीएल का सीएमडी चुना गया**



भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के निदेशक (तकनीकी/पी एंड पी) मनोज कुमार अग्रवाल को 12 जून को आयोजित सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की बैठक में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के पद के लिए चुना गया है। इसके लिए 11 व्यक्तियों का साक्षात्कार लिया गया था। (हमने यह बात 3 जून 2025 को कही थी)

- **भेल में जीएम ग्रेड में पदोन्नति के लिए 136 अधिकारियों का साक्षात्कार लिया जाएगा**

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नति के लिए 450 अधिकारियों में से कम से कम 136 अधिकारियों को साक्षात्कार के लिए चुना गया है। 136 में से लगभग 60 अधिकारियों को महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

मथुरा और कानपुर में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय : सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार विजन 2030 योजनाओं की समीक्षा की

लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जनपद एवं मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए निर्देश दिए कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ऐसे कॉम्प्लेक्स प्रशासनिक कार्यों की सुगमता तो बढ़ाएंगे ही, साथ ही आमजन को अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया। मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 50 वर्षों में इस क्षेत्र ने अनियोजित विकास और विरासत के क्षरण का दंश झेला है। प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिएं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि मथुरा-वृंदावन के लिए 30,080 करोड़ की अनुमानित लागत से कुल 195 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिनमें से 23 पर कार्य आरम्भ हो चुका है और शेष 172 प्रक्रियाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखते हुए वहां पहुंचने के मार्गों, जल, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं को सुव्यवस्थित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वृंदावन में डिजिटल म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर और पर्यावरणीय पथ के निर्माण को दीर्घकालिक निवेश के रूप में रेखांकित किया।

योगी सरकार में लगभग दोगुनी हुई अभिजनक बीज नर्सरी की संख्या

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों को मजबूत आधार देने की दिशा में योगी सरकार ने एक नई मिसाल कायम की है। प्रदेश में अभिजनक बीज नर्सरी की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। वर्ष 2016-17 में जहां केवल 150 बीज नर्सरियों का संचालन हो रहा था, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 267 तक पहुंच गई है। यह वृद्धि प्रदेश की चीनी मिलों के प्रक्षेत्र का प्रभावी उपयोग कर संभव हुई है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि इतना ही नहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 4.4 करोड़ नवीन किस्मों के सिंगल बड का वितरण किया गया है, जो कि देश में किसी भी शोध संस्था द्वारा उत्पादित बीजों की तुलना में सर्वाधिक है। इस वितरण से गन्ना उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। बीज उत्पादन और वितरण में इस प्रगति ने उत्तर प्रदेश को गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बना दिया है। वैज्ञानिक निरीक्षण और त्रिस्तरीय प्रमाणन प्रक्रियाबीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत अभिजनक बीजों (ढ्ढह्द्गद्गस्रद्गह् स्द्गद्गस्र) का प्रमाणन वैज्ञानिक टीम द्वारा किया जाता है। बीज उत्पादकता के निरीक्षण का विस्तृत शेड्यूल निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार, बुवाई के समय, अंकुरण के बाद (45-60 दिन), टिल्लरिंग अवस्था में (100-120 दिन), मिल योग्य गन्ने के निर्माण की अवस्था में (180-200 दिन) और कटाई से 15-20 दिन पूर्व निरीक्षण किया जाता है। इस वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रक्रिया के चलते किसानों को प्रमाणित, गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता में निरंतर सुधार हो रहा है।

20.19 लाख किसानों को दी खेती की नई तकनीक की जानकारी

लखनऊ।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का गुरुवार को समापन हो गया। प्रदेश के 75 जनपदों में 29 मई से प्रारंभ हुए अभियान के 15वें दिन तक 10125 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों ने लगभग 2019785 से अधिक प्रगतिशील एवं जागरूक किसानों से संवाद स्थापित कर खेती में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की और इसके निवारण के लिए संभावित विकल्पों पर विचार-विमर्श किया।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने किसानों के साथ लगाई चौपाल बागपत के नीरपुड़ा में मुख्य अतिथि दिल्ली के उप राज्यपाल बीके सक्सेना रहे। विशिष्ट अतिथि बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान रहे। उपराज्यपाल को कृषि विज्ञान केंद्र में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, फिर उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के गन्ना उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों से कृषि तकनीकी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉक्टर विकास कुमार ने बताया कि गन्ने के साथ हम सरसों की गुलाब की अन्य फसली भी एक साथ कर सकते हैं, जिससे किसान की आय दोगुनी होगी। किसान की गन्ने की फसल में कीड़ा ना लगे, उसके बारे में भी जानकारी दी। उपराज्यपाल ने एफपीओ द्वारा तैयार किए गए सिरके का भी प्रोत्साहन किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में पौधारोपण करके किसानों को अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया।

ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अंडरपास पर गुरुवार देर रात ट्रक और मोटर साईकिल की टक्कर हो गई। हादसे में दंपति को गम्भीर चोट आ गयी। घायलो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर महिला को मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि महिला की शिनाख्त बिरसिंहपुर निवासी रमेश की पत्नी विद्यावती के रूप में की हैं। रमेश की हालत नाजुक हैं। परिजनों से पता चला है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अंडरपास पर बीती रात गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। फरार ट्रक चालक? के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं ।

पूरेडलई ब्लॉकः स्वास्थ्य और शिक्षा में समग्र सफलता की मिसालः डीएम

बाराबंकी।

जनपद बाराबंकी के अंतर्गत पूरेडलई ब्लॉक ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत देशभर में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी एक सार्वजनिक पोस्ट में पूरेडलई को स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से चिन्हित किया गया है।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए ब्लॉक को 1.5 करोड़ का पुरस्कार प्रदान किया गया है, जो समर्पित प्रयासों, योजनाबद्ध कार्यान्वयन और सामूहिक नेतृत्व का प्रतिफल है। पूरेडलई ब्लॉक ने बीते वर्ष टीबी नियंत्रण में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अधिसूचित हर एक मरीज का सफलतापूर्वक उपचार सुनिश्चित किया। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की सक्रियता, समय पर निदान, तथा समुदाय स्तर पर किए गए जागरूकता अभियानों की देन है। साथ ही, मातृ और शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी पूरेडलई ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कर सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है। यह परिवर्तन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आशा बहनों और जनजागरूकता अभियानों के समन्वित प्रयासों से संभव हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में भी पूरेडलई ने एक नया मानदंड स्थापित किया है। अब ब्लॉक के सभी प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात आदर्श स्थिति (30ऽ1 या उससे कम) पर पहुँच गया है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और समावेशी वातावरण उपलब्ध हो सका है।

जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर कहा कि पूरेडलई ब्लॉक की यह अभूतपूर्व सफलता बाराबंकी जनपद के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह पुरस्कार केवल प्रशासनिक कार्यक्षमता का ही नहीं, बल्कि फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और जागरूक समुदायों के अथक परिश्रम का परिणाम है। यह दिखाता है कि जब नीतियाँ जमीनी ज़रूरतों से जुड़ती हैं और स्थानीय स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तब बदलाव संभव है।

आम सूचना

मकान क्रमांक 15, मेन रोड, ग्राम भानपुर, तहसील हुजूर, भोपाल (म. प्र.)

मेरे पक्षकार श्री आनंद रजक आत्मज श्री रमन रजक निवासी- मकान नं. 04,गीता नगर, वैष्णव मंदिर के पास, भानपुर भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उन्होंने श्री तुलाराम आत्मज स्व. श्री कन्हैयालाल निवासी- मकान नं. 15, मेन रोड, ग्राम भानपुर, भोपाल मध्यप्रदेश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता आवासीय मकान नं. 15, जिसके भूखण्ड का क्षेत्रफल 750.00 वर्गफीट है, जो कि खसरा नं. 95/1/1/3 का अंश भाग है जो ग्राम भानपुर, मेन रोड, पटवारी हल्का नं.22, वार्ड नं. 72, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, मध्यप्रदेश में स्थित हैं जिसकी चतुर्थ सीमाए पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 15 का शेष भाग, पश्चिम में- मकान नं. 16, उत्तर में- रास्ता एवं दक्षिण में- अन्य की संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है उक्त भूखण्ड/मकान अथवा उसके किसी भाग पर किसी व्यक्ति, संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अन्तरण से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगें एवं अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति को क्रय कर पंजीयन कराये जाने हेतु स्वतंत्र होगा।

आनंद नेमा अधिवक्ता

कार्या - प्लाट नं. 162, द्वितीय तल, रामा कॉम्पलेक्स, नियर एक्सिस बैंक मैंन ब्रांच, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.)

मो. 9755585002

848

पीठासीन अधिकारी-अर्जित दुबे, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु

प्रक्र. क्रमांक एम.जे.सी. (एस.यू. सी.) 2/2025

भगवान सिंह विरूद्ध सर्वसाधारण

जावक क्र. 53/2025 दिनांक 27.05.2025

प्रेषिती, सर्वसाधारण यह कि आवेदिका पानबाई ने आपके विरूद्ध आवेदन वास्ते धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हेतु आवेदन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस की भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन आपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन वे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं, पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपने प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपके सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो आवेदन की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 मई, 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से लगाकर दिया गया है।

अर्जित दुबे, न्यायाधीश

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी

बैरसिया,जिला-भोपाल (म.प्र.)

ag

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्रमांक 1916/राजस्व/भोविप्रा/25

भोपाल, दिनांक 13/06/2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर परिसर सेक्टर 2 सी साकेत नगर योजना में स्थित प्रकोष्ठ क्रमांक जू.एम.आई.जी-405 वर्तमान में श्रीमती कलावती चौहान पत्नी श्री गोविन्द सिंह चौहान के नाम पर आवंटित है। जिनका स्वर्गवास दिनांक 24/04/2025 को हो जाने के कारण उक्त प्रकोष्ठ के आवंटी वारीस पुत्र श्री अरविन्द सिंह चौहान आ. श्री गोविन्द सिंह चौहान ने आवेदन पत्र आदि वांछित अभिलेख संलग्न कर प्रकोष्ठ का नामातंरण अपने नाम पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ बैंक संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी

भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

849

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्रमांक 1943/राजस्व/भोविप्रा/25

भोपाल दिनांक 13/06/2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की रक्षा विहार योजना स्थित भूखण्ड क्रं. 363 सेक्टर-बी, आवंटी श्री आर. के. सिंह आत्मज श्री हजारी सिंह के नाम पर आवंटित है। जिसकी लीजडीड दि. 04.01.2006 को निष्पादित की गई है जिसकी लीज अवधि मार्च 2026 तक मान्य है। आवंटी श्री आर. के. सिंह का स्वर्गवास दि. 03.10. 2021 को हो जाने एवं उनके पुत्र श्री प्रदीप सिंह का स्वर्गवास दि. 05.09.2023 को हो जाने के कारण उनके वारिसों में उनकी पत्नी श्रीमती माया देवी, पुत्रिया श्रीमती माधवी सिंह, श्रीमती स्नेहा चौहान पुत्र श्री रविन्द्र सिंह एवं पुत्रवधु श्रीमती नेहा सिंह श्री आर्यन एवं कुमारी सिमरन पत्नी/पुत्र/पुत्री स्वः श्री प्रदीप सिंह द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, उनके पुत्र स्व. श्री प्रदीप सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं आधार कार्डो की छायाप्रति संलग्न कर भूखण्ड का नामान्तरण सभी वारिसों के नाम पर करने का निवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य /दस्तावेजों के साथ इस. कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी

भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

845

जाहिर सूचना

एक किंता प्लाट नं. बी/12, क्षेत्रफल 1201 वर्गफिट स्थित पनघट परिसर, ग्राम सेविड्या गोंड, सूरज नगर, वार्ड नं. 26, अम्बेडकर वार्ड, भोपाल म.प्र. के सम्बंध में

मैं अपने पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उन्होंने श्रीमती वर्षा नायक, श्रीमती रितु दुबे एवं श्रीमती मेवा बड़कुल निवासी-भोपाल म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता प्लाट नं. बी/12, क्षेत्रफल 1201 वर्गफिट जो कि भूमि खसरा नं. 38/9/6 का अंशभाग होकर स्थित पनघट परिसर, ग्राम सेविड्या गोंड, सूरज नगर, वार्ड नं. 26, अम्बेडकर वार्ड, भोपाल म.प्र. को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय को कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे। अवधि समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री कराने का पूर्ण अधिकारी रहेगा और किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य होगी।

अजय सिंह यादव, अधिवक्ता

म.नं. 44, नीलकंठ कालोनी, कलखेडा रोड, नीलबड़, भोपाल म.प्र.

मो. 8871112245

847

न्यायालय रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, शहर वृत्त जिला भोपाल म.प्र.

क्रमांक/2900/रीडर/2025

भोपाल दिनांक 12/06/2025

विज्ञप्ति

आवेदक श्री मनोज गर्ग आ. श्री बृजवल्लभ गर्ग निवासी जानकी नगर लालघाटी भोपाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि श्रीमती रूपाबाई ट्रस्ट मंदिर श्री राधा वल्लभ, इब्राहिमपुरा भोपाल जिसका पंजीयन प्रकरण क्रमांक न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट भोपाल का प्रकरण क्रमांक 07/बी-113/77-79 है जिसमें आदेश पारित दिनांक 25/07/1978 के द्वारा उक्त ट्रस्ट पंजीकृत किया गया है। तत्समय उक्त प्रकरण में ट्रस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदाय नही किये जाने पर वर्तमान में आवेदक द्वारा ट्रस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त संबंध में कोई भी व्यक्ति जो ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में दो प्रतियों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अनुसूचीः ट्रस्ट का नाम व पता-श्रीमती रूपाबाई ट्रस्ट मंदिर श्री राधावल्लभ जी कार्यालय का पता-इब्राहिमपुरा भोपाल।

दीपक पाण्डेय

रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट

846

न्यायालय तहसीलदार बीना, तहसील बीना जिला- सागर (म.प्र.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीशिव मंदिर ग्राम सिरचौपी मुहत्तमकार रगबीर सिंह पिता बाबूलाल दांगी निवासी ग्राम पथरिया चिन्ताई तहसील मालथौन के द्वारा इस न्यायालय में प्र.क. 0908/ अ-6/2024-25 विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में भूमिस्वामी गनेशराम पिता कुंदनसिंह निवासी ग्राम पथरिया चिंताई तहसील मालथौन के द्वारा सर्वे नं 316 में क्रमशः रकवा 0.78 हे. स्थित ग्राम सिरचौपी प.ह.नं.- 27 तहसील बीना की भूमि की वसीयत की है एवं उनकी मृत्यु दिनांक 04.03.2024 को हो गई है। अतएव मृतक खातेदार के स्थान पर प्रश्नाधीन उपरोक्त भूमि पर आवेदक/वसीयतगृहीता के नाम नामांतरण किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। उक्त भूमि के वसीयत नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनबाई दिनांक 24/06/2025 को या इसके पूर्व न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत करने पर आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

तहसीलदार

बीना जिला-सागर म.प्र.

ag

न्यायालय तहसीलदार बीना, तहसील बीना जिला- सागर (म.प्र.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रगबीर सिंह पिता बाबूलाल दांगी निवासी ग्राम पथरिया चिन्ताई तहसील मालथौन के द्वारा इस न्यायालय में प्र.क. 0907/अ-6/ 2024-25 विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में भूमिस्वामी गनेशराम पिता कुंदनसिंह निवासी ग्राम पथरिया चिंताई तहसील मालथौन के द्वारा सर्वे नं. 325/2, 369, 572/2, 789/1/1 क्रमशः रकवा 0.08, 0.02, 0.01, 0.80 हे. स्थित ग्राम सिरचौपी प.ह.नं.-27 तहसील बीना की भूमि की वसीयत की है एवं उनकी मृत्यु दिनांक 04.03.2024 को हो गई है। अतएव मृतक खातेदार के स्थान पर प्रश्नाधीन उपरोक्त भूमि पर आवेदक/वसीयतगृहीता के नाम नामांतरण किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है उक्त भूमि के वसीयत नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 24/06/2025 को या इसके पूर्व न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत करने पर आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

तहसीलदार

बीना जिला-सागर म.प्र.

ag

आपका राशिफल 14 जून

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को ह)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक 2 5 7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः शनैः बाधा आएगी। नजदीकी लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5